(ख) अभी तक वहां पर 635 क्वार्टर बनाये गये हैं।

(ग) राष्ट्रीय खनिज विकास निगम अधिक मकानों के निर्माण के लिये कदम उठा रहा है। यह श्रम कल्याण समिति और लौह-अयस्क कल्याण समिति से मिलने वाले उपदान पर भी निर्भर है। इस अवस्था पर किसी पक्के समय का संकेत देना संभव नहीं है।

(घ) जी, नहीं।

बेलाडिला और जगदलपुर के बीच मालगाड़ियां

3942. श्री यशवन्त सिंह कुशवाह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बेलाडिला तथा जगदलपुर के बीच केवल माल गाड़ियां चलायी जाती हैं और यदि हां, तो प्रतिदिन कितनी माल गाड़ियां चलती हैं और वे प्रतिदिन कुल कितना कच्चा लोहा ले जा सकती हैं;

(ख) क्या इस लाइन पर एक यात्री गाड़ी चलाने के लिये कोई कार्यवाही करने का विचार है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) जब तक नियमित यात्री गाड़ियां नहीं चलायी जातीं क्या तब तक के लिये माल-गाड़ियों के साथ कुछ सवारी डिब्बे लगाने का विचार है; और

(घ) क्या इन माल गाड़ियों में लकड़ी आदि ले जाई जा सकती है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां। विशाखापत्तनम बन्दरगाह से निर्यात के लिए लगभग 4,500 मी० टन० लोह अयस्क लेकर बेलाडिला और जगदलपुर के बीच फिलहाल प्रतिदिन केवल दो माल गाड़ियां चलती हैं। कच्चे लोहे का यातायात नहीं है।

(ख) इस समय नहीं। इस खण्ड को अभी तक सवारी गाड़ियां चलाने के लिये प्रमाणित नहीं किया गया है।

इस लाइन पर अभी भी निर्माण का काम चल रहा है और सवारी यातायात के लिये इस लाइन को खोलने के सम्बन्ध में रेल संरक्षा के अपर आयुक्त की मंजूरी अभी भी लागू नहीं की गई है क्योंकि इस लाइन के खासतौर से घाट खण्ड के, स्थायित्व पर निगाह रखी जा रही है।

(ग) जी नहीं।

(घ) जी नहीं।

LOOTING OF PASSENGERS BETWEEN AONLA AND REOTI BAHARA-KHERA STATIONS

3943. SHRI VISHWA NATH PANDEY : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that passengers of the Second Class compartment of the 356 Down Bareilly-Agra Passenger were robbed by armed men at gun point between Aonla and Reoti Bahara-Khera stations on the Bareilly-Aligarh Section on the 24th May, 1968; and

(b) if so, the action taken by Government in the matter ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) Yes, but the incident was on 21-5-68 between Nisoi and Aonla Stations.

(b) Government Railway Police, Bareilly registered a case on crime No. 91 u/ss 394/397 IPC on 22-5-68. 2 criminals were arrested and a wrist watch worth about Rs. 400/- and a country made pistol were recovered. The third suspected accused surrendered in the court, while the fourth is still at large.